Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to extend railway line from Dhamtari to Kondagaon via Kanker in Chhattisgarh-laid.

श्री मोहन मंडावी (कांकेर): छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में सड़क मार्ग ही आवागमन का प्रमुख साधन है। इस कारण क्षेत्र का विकास नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में रावघाट के लौह अयस्क खदानों से अयस्क परिवहन के लिए जगदलपुर से कोण्डागांव होते हुए रावघाट तक रेल मार्ग प्रस्तावित है। इसके लिए जगदलपुर से कोण्डागांव तक भूमि अधिग्रहण का कार्य भी पूरा हो चुका है। रायपुर से धमतरी तक छोटी रेल लाइन को बड़ी रेलवे लाइन में उन्नयन का कार्य प्रगति पर है। जगदलपुर से 48 किलोमीटर की दूरी पर एनएमडीसी द्वारा नगरनार में स्टील प्लांट का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें वर्ष 2024 तक इस्पात का उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा। नगरनार स्टील प्लांट से जगदलपुर, कोण्डागांव वाया कांकेर रायपुर तक रेलमार्ग महत्वपूर्ण हो जाता है। वर्ष 2017 में इस मार्ग का सर्वेक्षण कार्य हो चुका है, लेकिन प्रोजेक्ट सैंक्शन नहीं हुआ है। बस्तर संभाग को राजधानी रायपुर से जोड़ने के लिए कोण्डागांव वाया कांकेर से धमतरी शेष दूरी 120 किलोमीटर रह जाती है। यह क्षेत्र अनुसूचित जनजाति क्षेत्रांतर्गत आता है।

अत: केन्द्र सरकार से मेरी माँग है कि धमतरी से वाया कांकेर कोण्डागांव तक रेल लाइन का विस्तार किया जाए, जिससे पूर्ण बस्तर संभाग राजधानी रायपुर से जुड़ जाएगा और क्षेत्र का विकास संभव हो सकेगा।